विषय कोड : 
Subject Code : **106**

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**G**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
## 2020 – (ANNUAL)
## SIL - HINDI ( NLH )
## द्वितीय भारतीय भाषा - हिन्दी

106-
प्रश्न-पत्र क्रमांक
Question Paper Serial No.

SEEMANCHAL ACADEMY

कुल प्रश्नों की संख्या : 60 + 6 = 66
**Total No. of Questions : 60 + 6 = 66**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20
**Total No. of Printed Pages : 20**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :*

1. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
3. *इस प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
4. *यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
5. ***खण्ड-अ में 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।** इनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना है। यदि कोई परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों का उत्तर देते हैं तो प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जाएगा । प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही वृत्त को नीले / काले बॉल पेन से भरें। **किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
6. *खण्ड-ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
7. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*



WWW.SEEMANCHALACADEMY.COM

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. कबीर ने बाह्य-आडंबरों एवं व्यर्थ अनुष्ठानों पर क्या किया है ?

   (A) करारा प्रहार (B) खूब प्रचार

   (C) भरपूर समर्थन (D) भरपूर सम्मान

2. चिन्ता को लोग क्या कहते हैं ?

   (A) चिता (B) सजा

   (C) खटिया (D) पलंग

3. कर्म के प्रति निष्ठा ही व्यक्ति की ............ निर्धारित करती है ।

   (A) असफलता (B) अशिक्षा

   (C) सफलता (D) विफलता ।

4. 'तुम्हारी निंदा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है' किसने कहा है ?

   (A) विवेकानन्द ने (B) दयानंद ने

   (C) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने (D) रूसो ने ।

5. कानपुर के नाना की मुँहबोली बहन कौन थी ?

   (A) अहिल्याबाई (B) लक्ष्मीबाई

   (C) तीजनबाई (D) जोधाबाई

6. उपकार का विपरीतार्थक शब्द है

(A) परोपकार
(B) सत्कार
(C) अपकार
(D) निराकार

7. कर्मवीर चिलचिलाती धूप को क्या बना देते हैं ?

(A) बादल
(B) छाया
(C) चाँदनी
(D) अंधकारमयी

8. 'उपानह' का अर्थ होता है

(A) उपग्रह
(B) जूता
(C) कुर्त्ता
(D) गंजी

9. किसे किताब पढ़ने का शौक है ?

(A) मंजू को
(B) मनु को
(C) संजू को
(D) मानस को

10. किसके बगैर व्यक्ति बड़ा नहीं होता ?

(A) गुण के
(B) धन के
(C) रूप के
(D) शक्ति के

11. 'बालगोबिन भगत' कैसी रचना है ?

(A) शब्दचित्र
(B) रेखाचित्र
(C) रिपोर्ताज
(D) नाटक

12. वह कलम से लिखता है, इस वाक्य में 'से' कौन कारक है ?

(A) अपादान
(B) करण
(C) सम्बन्ध
(D) सम्प्रदान

13. 'मोको कहाँ ढूंढ़े बंदे' में 'मोको' कहा गया है

(A) शैतान को
(B) भगवान को
(C) इंसान को
(D) नादान को

14. दैव जो देता है उसे क्या करने के लिए 'बिहारी' कह रहे हैं ?

(A) स्वीकार करने को
(B) विरोध करने को
(C) छोड़ देने को
(D) तोड़ देने को

15. 'विज्ञान' में उपसर्ग क्या है ?

(A) वि
(B) व
(C) अ
(D) परि

16. 'ठेस' कहानी का नायक है

(A) सिरचन
(B) देवचन्द
(C) मदन
(D) सोहन

17. 'कमल' का पर्यायवाची शब्द है

(A) पंकज
(B) विष्णु
(C) लक्ष्मी
(D) दुर्गा

18. राँची से हुंडरु जलप्रपात की दूरी है

(A) 25 मील (B) 20 मील

(C) 15 मील (D) 27 मील

19. श्रीकृष्ण किनके पाँव को अपने अश्रुजल से धो दिये ?

(A) राधिका के (B) प्रेमिका के

(C) मित्र सुदामा के (D) रुक्मिणी के

20. कवि स्वर्ग को कहाँ उतारने को कहता है ?

(A) पाताल में (B) घर में

(C) दरवाजे पर (D) जमीन पर

21. 'च' का उच्चारण स्थान है

(A) मूर्द्धा (B) दंत

(C) तालु (D) कंठ

22. 'दमकती दाड़िम-दसनावली' किस पाठ से सम्बन्धित है ?

(A) दीनबंधु निराला (B) खेमा

(C) ठेस (D) बालगोबिन भगत

23. 'ज़इफ' का अर्थ होता है

(A) जवान (B) जुल्फों वाले

(C) वृद्ध (D) बालक

24. 'विद्वान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(A) विद्यावती
(B) विद्यामाता
(C) विदुषी
(D) विद्यानुरागी

25. ईर्ष्या को क्या कहा गया है ?

(A) प्रतिष्ठा
(B) अभिशाप
(C) प्रशंसा
(D) अनोखा वरदान

26. महमूद कौन-सा खिलौना खरीदता है ?

(A) भिश्ती
(B) गुजरिया
(C) साधु
(D) सिपाही

27. 'कोई' कैसा सर्वनाम है ?

(A) निश्चयवाचक
(B) अनिश्चयवाचक
(C) सम्बन्ध वाचक
(D) प्रश्नवाचक

28. 'बच्चे की दुआ' शीर्षक कविता के रचनाकार हैं

(A) अमीर खुशरो
(B) रसखान
(C) मो० इकबाल
(D) मो० परवेज

29. सुभद्रा कुमारी चौहान लिखित कविता का नाम है

(A) पीपल
(B) झाँसी की रानी
(C) कर्मवीर
(D) सुदामा चरित

30. आर्यभट्ट किस विद्या के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध हैं ?

(A) खगोल विद्या
(B) धनुर्विद्या
(C) भूतत्व विद्या
(D) वाद्य विद्या

31. 'सत्य के प्रयोग' पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?

(A) लालबहादुर शास्त्री
(B) महात्मा गाँधी
(C) पंडित नेहरू
(D) राजेन्द्र प्रसाद

32. 'सप्तर्षि' में समास है

(A) बहुव्रीहि
(B) नञ्
(C) द्विगु
(D) द्वन्द्व

33. रमजान के कितने रोज के बाद ईद आती है ?

(A) तीस
(B) बीस
(C) पच्चीस
(D) बाइस

34. इच्छापूर्ति करनेवाला काल्पनिक पेड़ को कहते हैं

(A) इच्छापूर्ति पेड़
(B) मनोकामनापूर्ति पेड़
(C) कल्पतरु
(D) कायाकल्पतरु

35. निम्न में से यौगिक शब्द है

(A) पंकज
(B) नीरज
(C) पाठशाला
(D) घर

36. गोपाल सिंह नेपाली रचित कविता का नाम है

(A) बरगद

(B) पीपल

(C) आम

(D) नीम

37. कवि अल्लाह से किस चीज से बचाने की दुआ करता है ?

(A) भलाई से

(B) अच्छाई से

(C) बुराई से

(D) सच्चाई से

38. कलकत्ता ( कोलकाता ) क्या है ?

(A) छोटा शहर

(B) महानगर

(C) एक राज्य

(D) एक प्रदेश

39. 'यशोधरा' का संधि-विच्छेद है

(A) यशः + धरा

(B) यश + धरा

(C) यशो + धरा

(D) यस + धरा

40. सब जगह सब काल में कौन फले-फूले मिलते हैं ?

(A) दानवीर

(B) बलवीर

(C) कर्मवीर

(D) वचनवीर

41. कलिंग महाराज की कन्या का नाम क्या है ?

(A) पद्मा

(B) पद्मावती

(C) लीला

(D) लीलावती

42. 'जदुवंश-मनि' किन्हें कहा गया है ?

(A) जरासंध को (B) कंस को

(C) कृष्ण को (D) शिशुपाल को

43. 'खुशबू रचते हैं हाथ' शीर्षक कविता में किस लघु उद्योग का वर्णन है ?

(A) पटाखा (B) फुलझड़ी

(C) पापड़ (D) अगरबत्ती

44. फेंक कर चलाये जाने वाले हथियार को कहते हैं

(A) अस्त्र (B) शस्त्र

(C) आग्नेयास्त्र (D) लाठी

45. निम्न में तद्भव शब्द है

(A) गृह (B) पुष्प

(C) घर (D) खग

46. कितने साल के युद्ध के बाद भी कलिंग नहीं जीता जा सका ?

(A) छः साल (B) दो साल

(C) पाँच साल (D) चार साल

47. 'चमक उठी सन् सत्तावन में, वह तलवार पुरानी थी' यह पंक्ति किस कविता की है ?

(A) कर्मवीर (B) बच्चे की दुआ

(C) झाँसी की रानी (D) सुदामा चरित

48. इस 'मुक्ताकाशी' होटल के मालिक का नाम था

(A) कसाई (B) कसारा

(C) कासरा (D) कसगर

49. स्वर्ग का एक टुकड़ा है

(A) मुजफ्फरपुर (B) नागपुर

(C) छोटानागपुर (D) सिंहभूमि

50. य, र, ल, व को कहते हैं

(A) उष्म वर्ण (B) स्वर वर्ण

(C) दीर्घ स्वर (D) अन्तस्थ वर्ण

51. दीर्घ स्वर है

(A) इ (B) अ

(C) ए (D) ऐ

52. बिहारी के अनुसार रामु ( भगवान ) कैसे प्रसन्न होते हैं ?

(A) सच्चाई से (B) बुराई से

(C) दिखावा से (D) बाह्याडंबर से

53. 'लाल कपड़ा' यहाँ 'लाल' कौन विशेषण है ?

(A) गुणवाचक (B) संज्ञावाचक

(C) संख्यावाचक (D) सार्वनामिक

54. गाँव के किसान सिरचन को क्या समझते थे ?

(A) चटोर (B) मूर्ख

(C) बातूनी (D) परिश्रमी

55. कोसी नदी प्रत्येक वर्ष बाढ़ लाती है । यहाँ 'कोसी' कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) समूहवाचक

(C) व्यक्तिवाचक (D) द्रव्यवाचक

56. 'बुद्धं शरणं गच्छामि' किसने कहा ?

(A) अकबर ने (B) अशोक ने

(C) चाणक्य ने (D) औरंगजेब ने

57. 'त्रिभुज' में कौन समास है ?

(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरुष

(C) द्विगु (D) बहुव्रीहि

58. ईर्ष्या का सम्बन्ध होता है

(A) समानता से (B) अधीनता से

(C) प्रतिद्वंद्विता से (D) विफलता से

59. 'जल के ऊपर उठता मृणाल फुनगी पर खिलता कमल लाल' पंक्ति किस कविता से है ?

(A) पीपल (B) बच्चे की दुआ

(C) झाँसी की रानी (D) कर्मवीर ।

60. रीतिकालीन प्रसिद्ध कवि का नाम है

(A) बिहारी (B) सूर

(C) तुलसी (D) रसखान

SEEMANCHAL ACADEMY

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : $5 \times 2 = 10$

(क) एक बार महामना पंडित मदनमोहन मालवीय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के लिए धन संग्रह कर रहे थे । इस कार्य के लिए वे रंगून भी गए । वहाँ पर भारतीय मूल के कई बड़े-बड़े लोग थे, जिनका वहाँ करोड़ों का व्यापार था । पंडित मदनमोहन मालवीय ऐसे ही एक करोड़पति की हवेली पर जा पहुँचे । हवेली बड़ी थी, परन्तु वहाँ बहुत सादगी थी । द्वार से होकर मालवीय जी भीतर गए । कमरे में एक चारपाई थी, जिस पर एक दरी बिछी हुई थी । एक व्यक्ति केवल लुंगी बाँधे उस चारपाई पर बैठा था । उसने मालवीय जी का स्वागत किया और अपने पास चारपाई पर बिठाया । बैठने के बाद मालवीय जी ने उस व्यक्ति से पूछा, "क्यों भाई, तुम्हारे सेठ जी कहाँ हैं ? कब मिलेंगे ? मैं काशी से आया हूँ और मेरा नाम मदनमोहन मालवीय है ।"

"वह गरीब मैं ही हूँ ।" चारपाई पर बैठे उस सादे से आदमी ने मधुर स्वर में कहा, "आपका काशी से भेजा गया पत्र मुझे मिल गया था ।" मालवीयजी उसे देखकर आश्चर्यचकित रह गए ।

SEEMANCHAL ACADEMY

"कहिए, क्या आज्ञा है ?" हाथ जोड़कर सेठजी ने पूछा और साथ ही अपने सेवक को बुलाकर मालवीयजी के लिए जल लाने को कहा । "मैं काशी में बन रहे एक विशाल हिन्दू विश्वविद्यालय के लिए चंदा एकत्र करने आया हूँ ।" मालवीय जी ने बताया । इस बीच सेवक चाँदी की एक तश्तरी में नाश्ता तथा चाँदी के ही गिलास में जल लाकर रख गया था । सेठजी ने फौरन अपने मुनीम को बुलाया और उसे एक चैक लिखने को कहा । चैक लिख दिया गया, तो मुनीम ने मालिक के आगे हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत कर दिया । सेठजी ने तुरंत उस पर हस्ताक्षर किए और दोनों हाथों से मालवीयजी के आगे प्रस्तुत कर दिया । मालवीयजी दूसरी बार आश्चर्यचकित रह गये । वह चैक पूरे पाँच लाख रुपये का था ।

(i) मालवीयजी किसलिए धन संग्रह कर रहे थे ?

(ii) धन संग्रह के लिए मालवीयजी कहाँ गए ?

(iii) रंगून में करोड़पति लोग कहाँ के थे ?

(iv) करोड़पति की हवेली कैसी थी ?

(v) करोड़पति ने मालवीयजी का स्वागत कैसे किया ?

(ख) हिन्दी के उपन्यास सम्राट के नाम से विख्यात मुंशी प्रेमचन्द का जन्म 31 जुलाई, 1880 को वाराणसी के पास लमही नामक गाँव में हुआ । इनका वास्तविक नाम धनपत राय था । इनका बचपन आर्थिक संकटों में बीता । पिता की मृत्यु के बाद इन्हें प्राइमरी विद्यालय में शिक्षक की नौकरी करनी पड़ी । नौकरी करते-करते उन्होंने बी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा अध्यापक से सबडिप्टी इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल्स के पद पर भी पहुँचे । बाद में इन्होंने नौकरी छोड़ दी और स्वतंत्र रूप से साहित्य सृजन में जुट गये । प्रेमचन्द ने हिन्दी को अनेक उत्कृष्ट उपन्यास तथा कहानियाँ दी हैं । इन्होंने लगभग तीन सौ कहानियाँ लिखी हैं, जो मानसरोवर नाम से आठ भागों में संगृहीत है । इन्होंने कई आदर्शवादी और यथार्थवादी उपन्यास लिखे । 8 अक्तूबर, 1936 को इनका देहान्त हो गया ।

(i) प्रेमचन्द का जन्म कब हुआ था ?

(ii) लमही कहाँ है ?

(iii) प्रेमचन्द का बचपन कैंसे बीता ?

(iv) वी० ए० की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रेमचन्द के जीवन में क्या परिवर्त्तन आया ?

(v) 'मानसरोवर' में क्या संगृहीत है ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा । $5 \times 2 = 10$

(क) प्राचीन काल में केरल में महाबलि नाम के पराक्रमी राजा थे । उनकी राजधानी वर्तमान कोचीन के निकट तुक्कानरा नामक स्थान पर थी, जहाँ आज भी विष्णु का मंदिर है । महाबलि बहुत दानी स्वभाव के थे । एक बार उन्होंने महायज्ञ करने की योजना बनाई । महाबली के बढ़ते पराक्रम, ख्याति एवं शक्ति को देखकर इंद्र स्वर्ग और अपने सिंहासन को लेकर चिंतित हो उठे । उन्होंने भगवान विष्णु से महाबली की शक्ति को नियंत्रित करने की प्रार्थना की, जिसे विष्णु ने स्वीकार कर लिया । विष्णुजी वामन रूप धारण कर महाबली के दरबार में पहुँचे जहाँ ब्राह्मणों को मुँहमांगा दान दिया जा रहा था । जब वामन की बारी आयी तो उन्होंने महाबली से दान में तीन पग भूमि की मांग की । महाबली ने उसे सहर्ष स्वीकार कर लिया । वामन ने एक पग में पृथ्वी दूसरे पग में आकाश नाप लिया । वामन को पहचानते हुए महाबली ने तीसरे पग का स्थान उपलब्ध न होने के कारण उनके समक्ष अपना मस्तक झुका दिया । वामन ने उन्हें पाताल जाने का आदेश दिया ।

(i) महाबली कौन थे ?

(ii) प्राचीन काल में केरल की राजधानी कहाँ थी ?

(iii) इन्द्र किसलिए चिंतित हुए ?

(iv) महाबली की शक्ति को नियंत्रित करने के लिए विष्णु ने क्या किया ?

(v) वामन ने दो पग में क्या-क्या नाप लिए ?

(ख) संत कबीर अपने युग के उत्कृष्ट कवि और उच्च कोटि के विचारक थे । इनका जन्म सन् 1399 ई० के लगभग वाराणसी में हुआ था । इनकी जाति का ठीक पता नहीं है । नीमा और नीरू नामक जुलाहा-दम्पति ने इनका लालन-पालन किया था । बड़े होकर कबीर ने भी जुलाहे का ही धन्या अपनाया था । इसलिए इनकी रचनाओं में चरखा, पूनी, ताना-बाना आदि उपमाओं का प्रतीक-रूप में प्रयोग हुआ है । लगभग सन् 1495 ई० में इनका निधन बताया जाता है । कबीर मूलतः कवि और संत थे । पंडितों और साधुओं के सम्पर्क से इन्होंने शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया । यद्यपि ये पढ़े-लिखे न थे, पर इन्होंने गाकर ही अपनी रचनाओं का प्रचार किया । धर्म के सम्बन्ध में इनके विचार बड़े उदार थे । ये राम और रहीम को एक मानते थे । इन्होंने हिन्दू और मुसलमान दोनों के बाह्याडम्बरों का तीव्र विरोध एवं खंडन किया । बीजक और कबीर ग्रन्थावली इनकी रचनाओं का संकलन है ।

(i) कबीर अपने युग के क्या थे ?

(ii) कबीर का पालन-पोषण किसने किया ?

(iii) इनकी रचनाओं में किन प्रतीक-रूप का प्रयोग हुआ है ?

(iv) कबीर की रचनाओं का संकलन किस नाम से है ?

(v) कबीर किनको एक मानते थे ?

SEEMANCHAL ACADEMY

3. निम्नलिखित में से किंसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) स्वतंत्रता दिवस

(i) भूमिका

(ii) स्वतंत्रता दिवस का महत्व

(iii) त्योहार मनाने की विधि

(iv) अपने विद्यालय में मनाने का वर्णन

(v) उपसंहार ।

(ख) वर्षा ऋतु

(i) भूमिका

(ii) वर्षा ऋतु का वर्णन

(iii) अल्प वृष्टि एवं अति वृष्टि का कुप्रभाव

(iv) लाभ एवं हानि

(v) उपसंहार ।

(ग) क्रिकेट : मेरा प्रिय खेल

(i) भूमिका

(ii) खेल के नियम एवं खिलाड़ियों की संख्या

(iii) भारत के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी

(iv) लोकप्रियता का कारण

(v) उपसंहार ।

(घ) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(i) भूमिका

(ii) उपयोगी पक्ष

(iii) विनाशक पक्ष

(iv) उपसंहार ।

(ङ) देहाती हाट

(i) भूमिका

(ii) हाट लगने का स्थान

(iii) खरीद-बिक्री की सामग्री

(iv) मेल-मिलाप का स्थल

(v) उपसंहार ।

4. मुहल्ले की सड़कों पर जल-जमाव की शिकायत करते हुए नगरपालिका के अध्यक्ष को एक आवेदन पत्र लिखें । $1 \times 5 = 5$

**अथवा**

विद्यालय में खेल सामग्री के अभाव के सम्बन्ध में क्रीड़ा शिक्षक एवं छात्र के बीच होने वाले संवाद को लिखिए ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लगभग **20 - 30** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : $5 \times 2 = 10$

(क) हामिद मिठाई या खिलौने न लेकर चिमटा क्यों खरीदता है ?

(ख) कर्मवीर की क्या पहचान है ?

(ग) हुंडरु का झरना कैसे बना ?

(घ) गाँव के किसान सिरचन को क्या समझते थे ?

(ङ) लेखक को बीमार पड़ने की इच्छा क्यों हुई ?

(च) सुदामा को कुछ न देकर उनकी पत्नी को सीधे वैभव सम्पन्न करने का क्या औचित्य था ?

(छ) कर्पूरी ठाकुर को मैट्रिक के बाद उच्च शिक्षा के लिए कहाँ और किस प्रकार जाना पड़ता था ?

(ज) खुशबू रचने वाले हाथ कैसी परिस्थितियों में रह रहे हैं ?

SEEMANCHAL ACADEMY

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर **100** शब्दों में दें : 1 × 5 = 5

(क) विक्रमशिला विश्वविद्यालय का वर्णन करें ।

(ख) निम्नलिकित पंक्तियों का अर्थ लिखिए :

ऊपर विस्तृत नभ नील-नील

नीचे वसुधा में नदी झील

जामुन, तमाल, इमली, करील

जल से ऊपर उठता मृणाल

फुनगी पर खिलता कमल लाल ।

WWW.SEEMANCHALACADEMY.COM